प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 24 नवम्बर, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाशोत्सव के अवसर पर गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पी.पी. कंपाउंड, राँची में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने मत्था टेककर श्रद्धा निवेदित की तथा कीर्तन में सम्मिलित होकर गुरुबाणी का श्रवण किया। उन्होंने लंगर में प्रसाद भी ग्रहण किया।

राज्यपाल महोदय ने गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश देती हैं। उनके विचार सदैव समाज को प्रेम, करुणा और परस्पर भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार को आज धनबाद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होना था। इसके लिए उनके स्टेट हेलीकॉप्टर से धनबाद जाने का कार्यक्रम निर्धारित था। धनबाद में लैंडिंग स्थल के आसपास Low Visibility होने के कारण राज्यपाल महोदय को धनबाद दौरा स्थगित करना पड़ा।